समाचार

# वार्ड क्र. 04 व 05 में किया गया डस्टबिनों का वितरण

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल व नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्डवासियों को प्रदान किए हरे व नीले रंग के डस्टबिन)



कोरबा 05 दिसम्बर 2017 –निगम के वार्ड क्र. 04 व 05 में आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल व नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्डवासियों को हरे व नीले रंग के डस्टबिनों का वितरण किया तथा घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को इन्ही डस्टबिनों में संग्रहित करने तथा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण हेतु आने वाले सफाईमित्र के रिक्शे में ही उस कचरे को देने की अपील की।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 04 व 05 में आज डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्र. 04 व 05 के नागरिकों को डस्टबिनों का वितरण उनके द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्डवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे घरों से निकले हुए कचरे को इन्हीं डस्टबिनों में अलग–अलग संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के लिए आने वाले निगम के सफाईमित्र को ही यह कचरा दें, उन्होने अपील करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों, सड़क व नाली आदि में कचरा न डालें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग दें।

**स्वच्छता में सभी का सहयोग आवश्यक**– कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो में सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, हम सभी का यह दायित्व है कि हम अपने गली, मोहल्ले व शहर की स्वच्छता के लिए हमेशा सजग रहें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें। उन्होने उपस्थित वार्डवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि आज हरे व नीले रंग के दो डस्टबिन आपको प्रदान किए जा रहे हैं, घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को इन्हीं डस्टबिनों में अलग–अलग रखें तथा जब नगर निगम

के सफाईमित्र कचरा संग्रहण हेतु आपके दरवाजे पर पहुंचे तो उनके वाहन में ही इस कचरे को डालें, ताकि कचरे को मणिकंचन केन्द्रों में लेकर उसका समुचित निष्पादन किया जा सके। उन्होने कहा कि सभी की सहभागिता व सहयोग से ही साफ–सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी एवं सीताराम चौहान, पार्षद मनीष शर्मा, गीता महंत, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल एवं तारादेवी ठाकुर, दुकालू श्रीवास, छबि वाल्मिकी, संतोष लांझेकर, फारूख मेमन, कन्हैया सोनी, अजीन कुरैशी, हारून मेमन, राजेन्द्र मण्डल, शाहिदा कुरैशी, रवि खुंटे, संजय भण्डारी, इतवारी जायसवाल, अमरनाथ साहू, समशेर अली, हरीशचन्द्र ठाकुर, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, ज्योति वैष्णव, चन्द्रिका बंजारे, ममता गुप्ता, शमीम बानो, शहनाज खान आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।